स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

## मानगो नगर निगम ने स्वच्छता में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए पहल की तेज

# सिटीजन फीडबैक के लिए लोगों को किया जाएगा जागरूक

## सिटीजन फीडबैक के लिए सोसाइटी और अपार्टमेंट में चलेगा जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में मानगो बेहतर रैंकिंग दिलाने की पहल नगर निगम ने तेज कर दी है. बुधवार को निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत सिटीजन फीडबैक के लिए स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की अध्यक्ष सिमरन सग्गू के साथ बैठक की. बैठक में निर्णय लिया गया कि पीपीटी के आधार पर नगर निगम क्षेत्रों के सभी अपार्टमेंट, सोसाइटी के सेक्रेटरी को बुलाकर गुरुवार को सिटीजन फीडबैक के लिए जागरूक किया जायेगा. रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी अध्यक्ष सिमरन सग्गू को स्वच्छता एंबेसेडर बनाया गया है. उनके माध्यम से सोसाइटी, अपार्टमेंट आदि की सूची बनाकर वहां रहने वाले लोगों को जागरूक करते हुए फीडबैक कराया जायेगा. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने कहा कि छह प्रक्रिया से सिटीजन फीडबैक मानगोवासी दे सकते हैं. बैठक में नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, एसबीएम सेल के आलोक कुमार, स्वच्छता एंबेसडर सिमरन सग्गू आदि उपस्थित थे.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार